PROCEDURE FOR PRIVATISATION OF TELECOM DEPARTMENT

2511. SHRI N. GIRI PRASAD:
SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI SANTOSH KUMAR SAHU:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that steps are being taken for privatisation of Telecom Services;

(b) what procedure is being adopted by Telecom Department in relation to participation by Industry; and

(c) whether these privatisation moves are being done at the behest of Multi-nationals, like Motorola and AT&T?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No Sir

(b) and (c) Does not arise.

स्टाफ क्वार्टर्स और भवनों का घटिया निर्माण

2512. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक विभाग की इमारतों और उसके स्टाफ क्वार्टर्स का निर्माण काफी घटिया किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में उप महानिदेशक (एस. आर.) के कार्यों की समीक्षा की है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(घ) डाक विभाग में उप महानिदेशक (एस. आर.) का पद नहीं है।

(ङ) उपर्युक्त (घ) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

डाक कर्मचारियों की हड़ताल

2513. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अखिल भारतीय डाक कर्मचारियों द्वारा की जा रही देश व्यापी हड़ताल को, जो पिछले तीन दिनों से चल रही है, समाप्त कराने के लिए कोई कारगर कदम उठा रही है जिससे कि उपर्युक्त हड़ताल के कारण राष्ट्रीय सम्पत्ति को हो रही क्षति की पूर्ति की जा सके ;

(ख) क्या इस हड़ताल से भारत की सामाजिक, व्यापारिक, औद्योगिक, आर्थिक और न्यायिक व्यवस्था नहीं चरमरा गई है ;

(ग) क्या हड़ताली डाक-कर्मचारियों की उचित मांगों को मानने में अनुचित सरकारी विलम्ब राष्ट्रहित के विरुद्ध है; और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (क) से (ग) का उत्तर "हां" हो, तो सरकार डाक-व्यवस्था को पुनरूज्जीवित करने के लिए नीति की घोषणा कब तक करने जा रही है; और यदि नहीं तो इसके क्या कारण है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) डाक कर्मचारियों तथा अतिरिक्त विभागीय एजेंटों (ई डी ए) की हड़ताल सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण दिनांक 10-12-93 को सायं 5 बजे समाप्त हो गई थी।

(ख) जी नहीं।

(ग) डाक कर्मचारियों और अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की कई मांगों पर संयुक्त सलाहकार तंत्र (जे सी एम), अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की समिति और अन्य मंचों पर पहले ही विचार-विमर्श चल रहा था। हड़ताल से पूर्व ही कर्मचारियों की कई मांगें कर्मचारी महासंघों/संगठनों के साथ बातचीत के दौरान मान ली गई थीं।